आदरणीय अभिभावकगण,

सादर नमस्कार।

आपके सहयोग एवं विश्वास के लिए हम आपके आभारी हैं। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चारित्रिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास को भी सुनिश्चित करना है। इसके लिए एक अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है।

हाल ही  मे विद्यालय प्रशासन द्वारा यह देखा गया है कि कुछ अभिभावक अपने वाहन को बेतरतीब ढंग से खड़ा करते हैं जो कि यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने का मुख्य कारण है।

अभिभावकों से अपेक्षा:

आपसे निवेदन है कि:

1- अपने वाहन विद्यालय गेट से कुछ पहले ही खड़ा करें।

2- विद्यार्थियों को स्वत: ही विद्यालय परिसर में आने दे।

3-छुट्टी के समय विद्यालय के मुख्य गेट एवं परिसर में एकत्रित न होवे । बल्कि विद्यार्थियों को स्वत: ही  विद्यालय के बाहर एक नियत स्थान पर अनुशासित ढंग से आने के लिए प्रेरित करें।( कक्षा 1 से 10 तक) ।

4- आप अपने पाल्य/पाल्या को विद्यालय की छुट्टी के बाद  20 मीनट के अन्दर विद्यालय परिसर से घर के लिए लें जायें।

5- आप अपने पाल्य/पाल्या से प्रतिदिन विद्यालय की गतिविधियों के विषय में चर्चा करें।

6-यह सुनिश्चित करें कि वह विद्यालय के सभी नियमों का पालन करे।

7- प्रतिदिन समय से विद्यालय आवे एवं पूर्ण गणवेश में हो।

8- विद्यालय की डायरी नियमित रूप से देखें व हस्ताक्षर करें।

9-आवश्यक होने पर विद्यालय आकर शिक्षकों से संवाद स्थापित करें।

हम यह विश्वास करते हैं कि आप विद्यालय के इस प्रयास में सहयोग करते हुए, अपने पाल्य/पाल्या को एक जिम्मेदार, अनुशासित एवं संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेंगे।

आपका सहयोग ही हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

आपकी सहभागिता के लिए धन्यवाद।

साभार

प्रधानाचार्या

संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल राबर्ट्सगंज सोनभद्र उत्तर प्रदेश

Affliation No. 2130299